### एक नजर में

## बिसनूर में किसानों को किया जागरूक

**मुलताई।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के रूप में मनाया जा रहा है, इसी के अंतर्गत खरीब बुवाई के पूर्व कृषि विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को कृषि रथ प्रभातपट्टन विकासखंड के ग्राम बिसनूर पहुंचा। ग्राम पंचायत बिसनूर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञानिक आरडी बारपेठे ने किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों, उन्नत बीजों के चयन, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा वैज्ञानिक खेती के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में बदलते मौसम और बढ़ती लागत को देखते हुए किसानों को परंपरागत खेती के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाना आवश्यक हो गया है। इससे उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है।कार्यक्रम के दौरान किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक कृषि, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति, मृदा परीक्षण तथा फसल चक्र अपनाने के लाभों के बारे में भी बताया गया। कृषि विशेषज्ञों ने कहा कि मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का सही उपयोग करने से भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहती है तथा अनावश्यक खर्च से भी बचाव होता है। साथ ही किसानों को ई टोकन खाद वितरण, स्वाईल हेल्थ कार्ड, आधुनिक कृषि यंत्रों और नई तकनीकों की जानकारी दी गई।किसानों को फसल रोग नियंत्रण, कीट प्रबंधन, पराली प्रबंधन तथा मौसम आधारित खेती के बारे में भी जागरूक किया गया। इस दौरान किसानों ने अपनी फसलों में आ रही समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा, जिनका मौके पर समाधान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक आर. डी. बारपेठे, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जितेश बिसंद्रे, ए. ई.ओ. श्रवण जाट, अमन बघेल, उद्यानिकी विभाग से प्रीति कड़वे की उपस्थिती के साथ ही बड़ी संख्या में किसान, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## रसायनों का उपयोग नहीं करने का लिया संकल्प

**बैतूल।** मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल द्वारा दैनिक जीवन में हानिकारक रसायनों के दुष्प्रभावों से बचाव को लेकर जिले में अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में ग्राम खांडे पिपरिया, तहसील आमला में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नवोदित ग्राम उत्थान महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समिति के कोऑर्डिनेटर संतोष राजपूत एवं जतिन प्रजापति ने कहा कि अत्यधिक रासायनिक उपयोग से मानव स्वास्थ्य, मिट्टी की उर्वरता, जल स्रोतों एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम में बताया गया कि वर्तमान में मूंग, सोयाबीन एवं विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती में मोनोक्रोटोफॉस, रोगोर, क्लोरपायरीफॉस, इमिडाक्लोप्रिड, साइपरमेथ्रिन, एंडोसल्फान, कार्बेन्डाजिम, मैलाथियान, ग्लाइफोसेट एवं यूरिया जैसे रासायनिक कीटनाशकों एवं उर्वरकों का साथ ही फल, खाद्यान्न एवं सब्जियों को जल्दी तैयार करने एवं अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के रसायनों का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। रासायनिक पदार्थों के अत्यधिक एवं असावधानीपूर्वक उपयोग से शरीर में विषैले तत्व पहुंच रहे हैं, जिससे कैंसर, त्वचा रोग, श्वास संबंधी बीमारियां, हार्मोन असंतुलन, किडनी एवं लीवर संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

# आवेदनों का 7 दिनों में निराकरण करें अधिकारी : प्रभारी मंत्री

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 19 मई. प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा बैतूल जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।**



प्रभारी मंत्री ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

सीमांकन किए जाने के दिए निर्देश

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा बैतूल जिले के प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम नागरिकों को समय पर राहत पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों का व्यवस्थित निराकरण सात दिनों के भीतर किया जाए, ताकि लोगों को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। लापरवाही पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई में आमला तहसील के ग्राम अंधारिया निवासी रामकिशोर के सीमांकन संबंधी आवेदन पर प्रभारी मंत्री ने आमला एसडीएम को एक सप्ताह में आवेदक की समस्या का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। भयावाड़ी में नदी में अवैध उत्खनन की शिकायत पर एसडीएम को निरीक्षण के निर्देश दिए। पट्टा वाला मकान तोड़े जाने की शिकायत पर एसडीएम को निरीक्षण कर आवेदक की समस्या की निराकरण के निर्देश दिए।

### भूमि का सीमांकन किए जाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम बिरुल बाजार निवासी सुदर्शन ने अनावेदक द्वारा भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जे को रोकने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने मुलताई एसडीएम को सीमांकन कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। तिलक वार्ड टिकारी बैतूल निवासी राधाबाई यादव ने बिना सीमांकन किए उनकी भूमि पर मकान बनाए जाने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने बैतूल तहसीलदार को आवेदक की समस्या का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए।

### पट्टा नवीनीकरण किए जाने की मांग

मुलताई के शास्त्री वार्ड निवासी शंकरलाल सोनी ने पट्टा नवीनीकरण किए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने मुलताई एसडीएम को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। चिखलीमाल निवासी सुभाष यादव ने ग्राम में हैंडपंप स्वीकृत किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने घोड़ाडोंगरी जनपद सीईओ को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम मरामझिरी निवासी रामचरित यादव ने फसल नुकसान की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने बैतूल तहसीलदार को आवेदक की समस्या के निराकरण के लिए निर्देशित किया। घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम फुलबेरिया निवासी रुद्र सरकार ने ट्राईसाईकिल के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। मुलताई निवासी योगेश पाटनकर ने जल योजना के तहत खुदी नाली को बराबर नहीं किए जाने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ को निरीक्षण कर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

## गारगुड में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, शिकायत

**बैतूल।** आठनेर तहसील के ग्राम गारगुड में शासकीय भूमि पर कथित अतिक्रमण और पक्का निर्माण किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। ग्रामवासियों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को सामूहिक शिकायत कर आरोप लगाया है कि गांव की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है, जबकि पंचायत और राजस्व विभाग पहले ही इसे शासकीय भूमि बता चुका है। ग्रामीणों ने तत्काल निर्माण रोकने और संबंधित लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार अनावेदक संतोष मर्सकोले और मानसिंह कुमरे पर आरोप है कि उन्होंने गांव के हनुमान मंदिर के सामने वन विभाग से लगी शासकीय भूमि को निजी बताकर आपस में सादे कागज पर सौदा किया और उस पर पक्का मकान निर्माण शुरू कर दिया।

## भाजपा की जन विरोधी नीतियों को कांग्रेस करेगी बेनकाब : डागा

**सारनी।** भाजपा की जन विरोधी नीतियों एवं नपा के भ्रष्टाचार को कांग्रेसी बेनकाब करे। नीट पेपर लीक का मामला जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी कांग्रेस नेताओं पर है। उपरोक्त उदगार जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने ब्लाक कांग्रेस कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए है। श्री डागा ने कहा कि जिले में सभी ब्लॉकों सर्वप्रथम सारनी ब्लॉक ने कार्यालय का शुभारंभ किया, सभी कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को एकजुट रहकर कांग्रेस के लिए कार्य करने की हिदायत दी, उन्होंने कहा कि भाजपा के जनविरोधी नीतियों, नीट के पेपर लीक करने पर भाजपा को जनता के सामने बेनकाब करने एवं उनके द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार का पुरजोर विरोध करना है। इस अवसर पर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मनोज मालवीय ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों के कारण आज महंगाई चरम सीमा पर है। भारतीय जनता पार्टी को बेनकाब करना है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बटेश्वर भारती ने अपने संबोधन में कहा कि मेरा पूरा प्रयास है कि आने वाले नगरपालिका चुनाव में हम भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बेदखल करने की कोशिश करेंगे, उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता तिरुपति एरलू ने निजी कार्यालय कांग्रेस पार्टी को दिया है। इस मौके पर पीसीसी डेलीगेट एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष तिरुपति एरोलू ने कहा कि कांग्रेस को एकता के सूत्र में पिरोने का संदेश दिया है, उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा गुटीय राजनीति से ऊपर उठकर कांग्रेस के लिए काम करें और आने वाले समय में नगरपालिका चुनाव को जीतने का लक्ष्य लेकर चले। इस बात की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन तिरुपति एरालू एवं भगवान जावरे ने किया। मंडलम अध्यक्ष हेमंत धोटे ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।




## एसडीएम ने किया बारूद गोदामों का निरीक्षण

**पाथाखेड़ा। प्रदेश में लगातार बारूद एवं विस्फोटक सामग्री से जुड़े हादसों, विशेषकर देवास में हुई घटना के बाद प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है।**

जिला कलेक्टर बैतूल के निर्देश पर सारनी एवं पाथाखेड़ा क्षेत्र में शाहपुर एसडीएम, नायब तहसीलदार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पटाखा दुकानों, बारूद गोदामों तथा वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड की खदानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तंत्र एवं विस्फोटक सामग्री के रखरखाव की विस्तृत जांच की गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पाथाखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत तीन खदानों के साथ बारूद भंडारण गोदाम भी संचालित हैं, जहां सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासनिक टीम ने गहन पड़ताल की। अधिकारियों ने गोदामों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा उपकरण, अग्निशमन संसाधन एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल की बारीकी से जांच कर रिपोर्ट तैयार की। निरीक्षण के दौरान सभी स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था संतोषजनक एवं व्यवस्थित पाई गई।प्रशासनिक अमले ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका को रोकने के लिए नियमित अंतराल पर ऐसे निरीक्षण जारी रहेंगे। सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध एसडीएम शाहपुर प्रपंच आर ने बताया कि सभी बारूद गोदामों एवं खदानों का निरीक्षण किया गया है। सभी स्थान व्यवस्थित एवं सुरक्षित पाए गए हैं।

वेकोलि के बारूद गोदाम का भी किया निरीक्षण

सभी स्थान व्यवस्थित और सुरक्षित पाए

## भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे भोईढाना के ग्रामीण

**बैतूल।** पेयजल संकट की मार झेल रहे ग्राम घीसीबागला के भोईढाना के ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर से नए हैंडपंप बोरखनन की स्वीकृति दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि मोहल्ले में पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन में बताया गया कि भोईढाना में वर्तमान में मात्र दो हैंडपंप हैं, जिनमें से एक पूरी तरह बंद पड़ा है, जबकि दूसरा चालू हैंडपंप मोहल्ले से करीब एक किलोमीटर दूर स्थित है। ऐसे में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को दूर-दूर से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। आवेदन में ग्रामीणों ने मांग की है कि सुक्कन वल्द गन्नू के घर के पास नवीन हैंडपंप बोरखनन की स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि मोहल्ले के लोगों को पेयजल संकट से राहत मिल सके। जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर समस्या का स्थायी समाधान करने की अपील की है।

## प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल वंदे भारत ट्रेन से पहुंचे बैतूल

**बैतूल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सादगी और मितव्ययिता की सीख का असर अब नेताओं के दौरे में भी दिखाई देने लगा है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल शुक्रवार को भोपाल से वंदे भारत ट्रेन के जरिए बैतूल पहुंचे। खास बात यह रही कि उनके आगमन पर रेलवे स्टेशन में किसी प्रकार का बड़ा स्वागत कार्यक्रम, भीड़भाड़ या लंबा काफिला देखने को नहीं मिला। स्टेशन पर केवल एसडीएम और एसडीओपी ने पहुंचकर उनका स्वागत किया। मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सादगी अपनाने और फिजूलखर्ची से बचने की जो अपील की गई है, उसका पालन करना उनके लिए बेहद अच्छा अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि आम लोगों की तरह ट्रेन में सफर करने से यात्रियों से सीधे बातचीत करने का अवसर मिला और लोगों की समस्याओं को करीब से समझने का मौका भी मिला। मंत्री ने बताया कि वे पहले भारतीय जनता युवा मोर्चा में सक्रिय रूप से काम कर चुके हैं, लेकिन पहली बार उन्हें वंदे भारत ट्रेन में सफर करने का अवसर मिला। उन्होंने ट्रेन की व्यवस्थाओं और सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह यात्रा आरामदायक और बेहतर अनुभव वाली रही। ईंधन बचत को लेकर भी मंत्री ने अधिकारियों और आम लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि जरूरत के अनुसार ही वाहनों का उपयोग करना चाहिए ताकि ईंधन की बचत हो सके। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से भी सरकारी कामकाज में सादगी और मितव्ययिता अपनाने की बात कही। उल्लेखनीय है कि नरेंद्र शिवाजी पटेल बैतूल जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं। उन्होंने बताया कि अपने बैतूल दौरे के दौरान वे जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों, योजनाओं और अन्य प्रशासनिक विषयों पर चर्चा करेंगे।



## जयंती पर मरीजों के बीच बांटे फल

**बैतूल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष और पूर्व विधायक स्व. विनोद डागा की 77वीं जयंती पर मंगलवार को आमला सिविल अस्पताल में फल वितरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का आयोजन युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस प्रवक्ता विजय पारधी और उनकी टीम द्वारा किया गया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरित कर स्व. डागा के जनसेवा भाव को स्मरण किया गया। इस अवसर पर विजय पारधी ने कहा कि स्व. विनोद डागा का जनसेवा, संगठन के प्रति समर्पण और सामाजिक सरोकारों के लिए दिया गया योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

## शिविर में 818 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण

**मुलताई। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सोमवार को जनजातीय कार्य राज्य मंत्री के अतिरिक्त निजी सचिव भारत सरकार के परिपालन में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।**



शिविर में मुख्य विधायक चंद्रशेखर देशमुख एवं जिलाध्यक्ष पंचायत सदस्य राजा पवार,मनोनीत सदस्यों बबीता उपराले जनपद सदस्य दुनावा, हेमराज चौधरी जनपद सदस्य बरखेड़, एवं राजू जैन सहित जन प्रतिनिधियों की अध्यक्षता में शिविर का शुभारम्भ किया गया।शिविर में जिला स्तर से विशेषज्ञों की टीम द्वारा मरीजों की आवश्यक जांच कर उपचार एवं परामर्श दिया गया, जिला स्तर से डाक्टर शीतल मर्शकोले , नेत्र रोग विशेषज्ञ , डाक्टर अनवर गिगानी शिशु रोग विशेषज्ञ, डाक्टर शुचिता जैन कान,नाक, गला रोग विशेषज्ञ, ममता सोने सायक्लोलॉजिस्ट, दूल्हो बेले साईट्रिक नर्सिंग ऑफिसर तथा डाक्टर राजेश परिहार परिवार कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे,जिन्होंने मरीजों का उपचार देकर परामर्श दिया। शिविर में 336 पुरुष, 482 महिलाओं को उपचार किया गया।

## प्लेटफॉर्म से बाहर रुक रही महिला कोच, हादसे का बढ़ रहा खतरा

**आमला।** आमला रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। दिल्ली से चेन्नई जाने वाली ग्रांड ट्रैक एक्सप्रेस का आमला स्टेशन पर सुबह लगभग 7.38 बजे स्टॉपेज होता है, लेकिन ट्रेन की अंतिम बोगी, जो महिलाओं के लिए आरक्षित रहती है, प्लेटफॉर्म के बाहर जाकर रुकती है। इससे महिला यात्रियों, बुजुर्ग महिला और छोटे बच्चों के साथ सफर कर रही माताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिला यात्री के अनुसार महिला कोच प्लेटफॉर्म से बाहर रुकने के कारण यात्रियों को ऊंचाई से चढ़ने-उतरने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। विशेषकर बुजुर्ग महिलाओं के लिए ट्रेन की सीढ़ियां चढ़ना जोखिम भरा साबित हो रहा है। कई बार छोटे बच्चों को गोद में लेकर उतरना पड़ता है, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। यात्रियों का कहना है कि ट्रेन का ठहराव समय मात्र दो मिनट का होने से अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन जाती है।वही महिला कोच में कई पुरुष भी चढ़ते है जिससे भी काफी तकलीफ होती है। जल्दबाजी में यात्री किसी तरह उतरने और चढ़ने की कोशिश करते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने बताया कि प्लेटफॉर्म के बाहर रुकने वाली बोगी के पास पर्याप्त व्यवस्था और सुरक्षा भी नजर नहीं आती।रेलवे प्रशासन यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं देता, तो भविष्य में कोई गंभीर जनहानि होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।यात्रियों ने इस व्यवस्था को तत्काल सुधारने की मांग करते हुए कहा कि यात्रियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।



> आपके माध्यम से जानकारी सामने आई है। जल्द ही इस समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।
>
> **डीके साहू, रेलवे स्टेशन प्रबंधक आमला**

## पुलिस ने पकड़ी गौवंश से भरी बोलेरो, 7 गौवंश बरामद

**मुलताई। क्षेत्र से गौवंश के हो रहे अवैध परिवहन पर मुलताई पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, लेकिन इसके बाद भी गौवंश की तस्करी रुकने का नाम नही ले रही है। पुलिस ने छिंदवाड़ा की ओर से आ रही पिकप को पकड़कर उनके पास से 7 गौवंश बरामद किए है।**

कार्रवाई के बाद भी नहीं रुक रही गौवंश तस्करी

पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया 17 मई 2026 को सुबह मुलताई पुलिस को सूचना दी गई कि गौवंश से भरा एक बोलेरो वाहन छिंदवाड़ा की ओर से मुलताई की तरफ तेज गति से आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम एवं स्थानीय सहयोगियों द्वारा ग्राम बरखेड़ पंखा क्षेत्र में निगरानी की गई। कुछ समय बाद बोलेरो वाहन क्रमांक एमएच 21सी 2154 को संदिग्ध अवस्था में आते देखा गया। वाहन को रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक वाहन स्पीड बढ़ाकर भागने लगा. पीछा कर वाहन को बरखेड़ बाजार चौक पर रोका गया, जहां से वाहन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 7 नग गौवंश को क्रूरता पूर्वक पैर एवं मुंह बांधकर एक-दूसरे के ऊपर भरा हुआ पाया गया। वाहन को थाना मुलताई लाकर गौवंश को उतारा गया, जिसमें 2 गाय मृत अवस्था मे एवं 05 गौवंश घायल अवस्था में मिले प्रथम दृष्ट्या गौवंश को वध के लिए महाराष्ट्र की ओर ले जाना पाया गया। पुलिस द्वारा इस मामले मे धारा 4, 6, 9 मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 11(1)(घ) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर बोलेरो वाहन एवं गौवंश सहित लगभग 3 लाख 30 हजार रुपए का मशरूका जप्त कर घायल गौवंश को उपचार एवं संरक्षण के लिए बघोड़ा गौशाला भेजा गया तथा मृत गौवंश का नियमानुसार अंतिम निस्तारण कराया गया।फरार वाहन चालक की तलाश एवं मामले की विवेचना जारी है।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी मुलताई निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक सुनील पंद्राम, सैनिक राजकुमार की भूमिका रही।



## बच्चों के लिए ध्यान मार्गदर्शन कार्यक्रम 24 को

**बैतूल।** पंचशील बुद्ध विहार सदर बैतूल में 24 मई को विशेष धम्म एवं ध्यान मार्गदर्शन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। इस अवसर पर पूज्य धम्म सेन भंते गुरुजी द्वारा उपासकों, अभिभावकों एवं बच्चों को विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। जिसमें प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित विशेष धम्म देशना का विषय धम्म पारमिताओं का विकास एवं वर्षावास में उपासकों की भूमिका रहेगा। साथ ही दान, शील, मैत्री, संघदान, बुद्ध वंदना, त्रिशरण पंचशील एवं ध्यान के महत्व पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जाएगा। साथ ही वर्षावास के दौरान भिक्षु संघ के सानिध्य का लाभ लेकर धम्म को जीवन में उतारने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

## सेवा, समर्पण और संस्कार हमारी कार्य पद्धति : हेमंत

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन की शुरूवात योग एवं प्रार्थना से हुई। इसके पश्चात वर्ग के तहत कार्य पद्धति विषय पर संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि सेवा समर्पण और संस्कार हमारे कार्यकर्ता की पहचान है। हमारी पार्टी की पहचान कार्यकर्ताओ से है। संगठन की आत्मा हमारे प्रशिक्षित कार्यकर्ता है। राष्ट्र प्रथम के विचार के साथ केन्द्र में सेवा का भाव लेकर समर्पण के साथ अपने लक्ष्य के प्रति संस्कारो के साथ सतत संवाद करना हमें देश के अन्य राजनीतिक दलो से अलग करता है। श्री खंडेलवाल ने कहा कि प्रशिक्षण से जो आत्म विश्वास कार्यकर्ताओ का बढता है उसका असर परिणामों पर भी दिखाई देता है। हम एक व्यक्ति की शांति के लिए नही करोडो कार्यकर्ताओ के सामुहिक प्रयास के लिए पहचाने जाते है। मै नही हम की भावना से आज हम हर क्षेत्र में सफल हो रहे है। भाजपा संगठन में परिवार का भाव आत्मीयता लेकर आता है। संपर्क संवाद और समन्वय से हम सफल हो रहे है। जब हम कमजोर हुए तब भी अपने विचारो पर अडिग रहते हुए अपने महापुरूषो के विचारो को हम आगे लेकर जा रहे है। संभाग प्रभारी भरत सिंह राजपुत ने कहा कि कार्य विस्तार संगठनात्मक दृष्टि के साथ साथ हमारे विचारो की वृद्धि से राष्ट्रीय चेतना का विकास करना हमारी नीति रहा है।

